निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या 24

23 आषाढ़ 1943 (श0)
पटना, बुधवार,
14 जुलाई 2021 (ई0)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग-1–नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।	**2-23**
भाग-1-क–स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश।	---
भाग-1-ख–मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि।	---
भाग-1-ग–शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि	---
भाग-2–बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।	---
भाग-3–भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण।	---
भाग-4–बिहार अधिनियम	---
भाग-5–बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक, उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-7–संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की ज्येष्ठ अनुमति मिल चुकी है।	---
भाग-8–भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-9–विज्ञापन	---
भाग-9-क–वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं	---
भाग-9-ख–निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।	**24-24**
पूरक	---
पूरक-क	**25-25**

भाग–1

नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।

पथ निर्माण विभाग

अधिसूचना
4 जून 2021

सं0 निग/सारा–(निगम) आरोप–27/2021–2513(5)––राज्य सरकार द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक से ऋण लेकर राज्य उच्च पथों का विकास किया जा रहा है। बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–82 कादिरगंज–खैरा पथ का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त पथ के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई। इसकी जाँच 15.10.2020 को बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के तीन सदस्यीय दल द्वारा की गयी। जाँचोपरांत समिति ने यह पाया कि पथ में निर्माणाधीन 02 पुलों एवं ड्रेन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। समिति के सदस्यों द्वारा पुनः जाँच की अनुशंसा की गयी। समिति द्वारा गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड द्वारा सम्बद्ध किये गये सुपरविजन कन्सल्टेंट पर डिफिसियेन्सी ऑफ सर्विस के लिए पैनाल्टी लगाने की अनुशंसा की गई।

2. इस पथ का पुनः निरीक्षण 08.04.2021 को मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड द्वारा महाप्रबंधक के साथ किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई। उनके द्वारा स्थल भ्रमण के क्रम में डीबीएम सतह में क्रैक, कमजोर कार्य क्षमता, सोल्डर में कमी प्रतिवेदित किया गया। उन्होंने यह भी प्रतिवेदित किया है कि संवेदक, कार्य को पूर्ण करने की दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं दिखा पा रहा है। उन्होंने कार्य स्थल पर अपर्याप्त मानव बल, मशीन एवं सामग्री पायी।

3. प्रश्नगत मामले में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि राज्य उच्च पथ के कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं करवा पाना अत्यंत गंभीर मामला है। प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के पत्रांक–1148 (अनु0) दिनांक 13.04.2021 द्वारा इस परियोजना के प्रभारी कार्यपालक अभियंता, श्री सुशांत कुमार, उप महाप्रबंधक (तक0), परियोजना कार्यान्वयन इकाई, जमुई के विरूद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है।

4. पथ के निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं करवा पाना श्री सुशान्त कुमार, कार्यपालक अभियंता सम्प्रति उप महाप्रबंधक (तक0), बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, जमुई की कार्य के प्रति गंभीर गैर जिम्मेदारी एवं अक्षमता का सबूत है। इन्होंने अपने कर्त्तव्य के निर्वहन में उदासीनता, घोर लापरवाही एवं पर्यवेक्षकीय दायित्व में चूक बरती है, जिसके कारण कार्य की गुणवता के साथ–साथ सयमबद्धता भी प्रभावित हुई है। श्री कुमार का यह कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली–1976 के नियम 3 (i)(ii)(iii) यथा पूरी शिलनिष्ठा रखेगा, कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा रखेगा, और ऐसा कोई काम न करेगा जो सरकारी सेवक के लिए अशोभनीय हो, का उल्लंघन है। अतएव श्री सुशांत कुमार, उप महाप्रबंधक (तक0), परियोजना कार्यान्वयन इकाई, जमुई को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

5. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय अभियंता प्रमुख (मु0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

6. निलंबन अवधि के दौरान श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्त्तों के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

7. इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संचालित करने हेतु अलग से नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
8. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह0) अस्पष्ट, **उप–सचिव।**

———

सं0–2 / थाना–10–03 / 2021(खंड) गृ0आ0—4304
गृहविभाग
(आरक्षी शाखा)

———

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0)
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

द्वाराः– वित्त विभाग

पटना, दिनांक 02.07.2021

विषयः– नालंदा जिला के राजगीर थानान्तर्गत नेचर सफारी ओ0पी0 का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल–96 (छियानवे) पदों के सृजन की स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

नालंदा जिला स्थित प्रसिद्ध पर्यटकीय क्षेत्र राजगीर अन्तर्गत जू सफारी के समीप वन क्षेत्र में एक नेचर सफारी की स्थापना की गई है। नेचर सफारी में विभिन्न स्वरूप के प्राकृतिक स्थलों तथा वनों के संवर्द्धन कर उनमें पर्यटकों के परिभ्रमण हेतु विभिन्न संरचनाओं एवं सुविधाओं का सृजन एवं विकास ईको फ्रेण्डली तरीके से किया गया है। नेचर सफारी का भौगोलिक क्षेत्र 5369.68 हेक्टेयर है। इसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटकों का आवागमन संभावित है। इसका मुख्य प्रवेश द्वार नालंदा जिलान्तर्गत राजगीर से होकर गुजरता है।

नेचर सफारी राजगीर वन्य प्राणी आश्रयणी के दक्षिण–पश्चिम भाग में आसन्न सीमा से सटे अवस्थित है। नेचर सफारी का पहुँच मार्ग स्वर्ण भण्डार से जेठियन का सम्पर्क वन पथ है। नेचर सफारी में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा, नियमित गश्ती हेतु नेचर सफारी ओ0पी0 का सृजन किया जा रहा है। इस ओ0पी0 का मुख्य कार्य नेचर सफारी की सुरक्षा करना, नियमित गश्ती करना एवं पर्यटकों को सुरक्षा प्रदान करना होगा। पर्यटकों की सुरक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से नेचर सफारी के सम्पूर्ण क्षेत्र का पुलिस क्षेत्राधिकार (Police Jurisdiction) प्रस्तावित नेचर सफारी ओ0पी0 के अन्तर्गत होगा।

2. अतएव नेचर सफारी की सुरक्षा, नियमित गश्ती एवं पर्यटकों की सुरक्षा हेतु नालंदा जिला के राजगीर थानान्तर्गत नेचर सफारी ओ0पी0 का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल–96 (छियानवे) पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई हैः–

क्र0	पदनाम	वेतनस्तर (Level)	पदों की संख्या
1.	पुलिस अवर निरीक्षक	L-6	4
2.	सहायक अवर निरीक्षक	L-5	6
3.	हवलदार	L-4	16
4.	सिपाही	L-3	64
5.	चालक सिपाही	L-3	6
कुल पद–			**96 (छियानवे)**

3. नालंदा जिला के राजगीर थानान्तर्गत नेचर सफारी ओ0पी0 का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल–96 (छियानवे) पदों के सृजन पर होने वाला अनुमानित वार्षिक व्यय कुल–3,92,74,888 / –(तीन करोड़ बिरानवे लाख चौहत्तर हजार आठ सौ अठ्ठासी) रूपये मात्र है। **(परिशिष्ट–'क')**

4. नेचर सफारी ओ0पी0 के सृजन एवं इसके कार्यरत रहने में होने वाले व्यय की निकासी बजट शीर्ष संख्या–2055–पुलिस–109, जिला पुलिस–0001 जिला कार्यकारी दल एवं विपत्र कोड संख्या 22–2055.00.1090001 के अन्तर्गत उपबंधित राशि से की जायेगी तथा इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक, नालंदा होंगे। इस राशि की निकासी जिला कोषागार, नालंदा से की जायेगी।

5. नेचर सफारी ओ0पी0 के अन्तर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों की सूची संलग्न है। **(परिशिष्ट–'ख')**

6. ओ0पी0 तथा पदों के सृजन में वित्त विभाग की सहमति एवं मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
गिरीश मोहन ठाकुर, अवर सचिव।

परिशिष्ट–'क'

नालंदा जिला के राजगीर थानान्तर्गत नेचर सफारी ओ0पी0 का सृजन एवं उसके संचालन हेतु कुल–96 (छियानवे) पदों पर होने वाले व्यय का अनुमानित वार्षिक व्यय विवरणी :–

क्र0	पदनाम		पदों की सं0	मूलवेतन	वार्षिक व्यय
1.	I	अवर निरीक्षक	4	35400	35400X4X12=1699200
	II	सहायक अवर निरीक्षक	6	29200	29200X6X12=2102400
	III	हवलदार	16	25500	25500X16X12=4896000
	IV	सिपाही	64	21700	21700X64X12=16665600
	V	चालक सिपाही	6	21700	21700X6X12=1562400
	कुल–		**96**		**योग :– 26925600**
2.	महंगाई भत्ता–सभी वेतन के योग का 17%				4577352
3.	चिकित्सा भत्ता–सभी कोटि को 1000 रु0 प्रतिमाह			96X1000X12	1152000
4.	मकान किराया भत्ता–6%				1615536
5.	राशन मनी भत्ता–सभी पदों के लिए 3000,			96X3000X12	3456000
6.	वहन भत्ता–(I) क्रमांक I एवं II को @2500 रु0 प्रतिमाह–			2500X10X12	300000
	(II) क्रमांक III , IV एवं V को @200 रु0 प्रतिमाह–			200X86X12	206400
7.	वर्दी भत्ता–(I) क्रमांक I एवं II को @11000 रु0 वार्षिक			11000X10	110000
	(II) क्रमांक III, IV एवं V को @ 10000 रु0 वार्षिक			10000X86	860000
8.	चालक भत्ता–1000 रु0 प्रतिमाह–			6X1000X12	72000
	कुल योग–				**3,92,74,888**

(तीन करोड़ बिरानवे लाख चौहत्तर हजार आठ सौ अठ्ठासी) रुपये मात्र।

सरकार के अवर सचिव।

परिशिष्ट–'ख'

नालंदा जिला के राजगीर थानान्तर्गत नेचर सफारी ओ0पी0 के अन्तर्गत पड़नेवाले क्षेत्रों की सूची :–

क्र0	क्षेत्र का नाम
1.	राजगीर मुख्य प्रवेश द्वार
2.	स्काई वॉक
3.	सश्पेंशन ब्रिज
4.	जिप लाईन
5.	मेन कैम्प एरिया
6.	बटरफ्लाई पार्क
7.	मेडिसिनल गार्डेन
8.	बिहार दर्शन
9.	सकुलेन्ट गार्डेन
10.	जेठियन गेट
11.	स्वर्ण भण्डार
12.	राजगीर से नेचर सफारी के मुख्य प्रवेश द्वार तक

सरकार के अवर सचिव।

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना
6 जुलाई 2021

सं0 **ई2–2–023/2010–25**––श्रीमती पूनम कुमारी (बिहार निर्वाचन सेवा), तत्कालीन उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरवल –सह–जहानाबाद के विरूद्ध जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के पत्रांक–1467 दिनांक–23.07.2020 द्वारा कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं पदीय दायित्व के विरूद्ध कार्य करने का आरोप प्रतिवेदित किया गया।

2. जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा प्रतिवेदित आरोपों के संबंध में श्रीमती कुमारी से विभागीय पत्रांक–2883–सह–पठित ज्ञापांक–2883 दिनांक 02.09.2020 द्वारा पत्र प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के अन्दर बिन्दुवार स्पष्टीकरण की मांग की गई। पुनः विभागीय पत्रांक–363 दिनांक 14.01.2021 द्वारा श्रीमती कुमारी को सात दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु स्मारित किया गया।

3. श्रीमती पूनम कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक–89 दिनांक 16.01.2021 द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद का पत्रांक–1467 दिनांक 23.07.2020 के प्रति की मांग की गई है, जिसे विभागीय पत्रांक–476 दिनांक 21.01.2021 द्वारा प्रेषित किया गया।

4. श्रीमती कुमारी के पत्रांक–124 दिनांक 22.01.2021 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु दो सप्ताह के समय की मांग की गई, जिसे स्वीकार करते हुए उन्हें स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु दो सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।

5. श्रीमती कुमारी के पत्रांक–175 दिनांक 15.02.2021 द्वारा उक्त स्पष्टीकरण से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जो अपठनीय था, के फलस्वरूप श्रीमती कुमारी से विभागीय पत्रांक–1182 दिनांक 05.03.2021 द्वारा पठनीय प्रति/मूल प्रति की मांग की गई, जिसकी पठनीय प्रति विभाग में उपलब्ध करायी गयी। आरोपित पदाधिकारी से प्राप्त स्पष्टीकरण की विभाग द्वारा समयक रूप से समीक्षा की गयी।

विभाग द्वारा श्रीमती कुमारी से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा के क्रम में निम्नांकित तथ्य पाया गया–

(i) विभागीय पत्रांक 777 दिनांक 03.03.2020 के आलोक में श्री राजेन्द्र कुमार कर्मशील, तत्कालीन उप निर्वाचन पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा बिहार विधान सभा चुनाव में सामग्रियों की आपूर्ति L1 आपूर्तिकर्त्ता से प्राप्त नहीं कर किसी अन्य से प्राप्त करने से सरकार को हुए नुकसान का आकलन करने के निदेश के अनुपालन में श्रीमती पूनम कुमारी को दिनांक 06.03.2020 को तत्संबंधी संचिका उपस्थापित करने का निदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा दिया गया था, परन्तु श्रीमती पूनम कुमारी द्वारा 18.03.2020 तक संचिका उपस्थापित नही किया गया। इसके उपरान्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर श्रीमती कुमारी ने अपने पत्रांक 292 दिनांक 30.04.2020 द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद को अपने स्तर से न्याय संगत मंतव्य भेजने को लिखा गया।

उक्त के संबंध में श्रीमती कुमारी के स्पष्टीकरण से पाया गया कि संबंधित संचिका जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के समक्ष दिनांक 18.03.2020 तक उपस्थापित नहीं करने के संबंध में आरोपित पदाधिकारी द्वारा कोई तथ्य नहीं दिया गया एवं अप्रासंगिक बातों का उल्लेख कर आरोप से बचने का प्रयास किया गया। श्रीमती कुमारी के पत्रांक 292 दिनांक 30.04.2020 में जिला पदाधिकारी को अपने स्तर से न्याय संगत मंतव्य विभाग को भेजे जाने का अनुरोध करना उनके दायित्वों से विमुख होने के साथ ही उनके पदीय दायित्वों के आचरण के प्रतिकूल पाया गया।

(ii) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा वित्तीय अनियमितता की जांच हेतु ज्ञापांक 1156/गो०, दिनांक 02.06.2020 द्वारा गठित समिति के औचित्य पर श्रीमती कुमारी द्वारा प्रश्न चिन्ह लगाया गया। उक्त के संबंध में श्रीमती कुमारी द्वारा स्पष्टीकरण में अंकित किया गया कि–उनके द्वारा गठित जांच दल पर कोई प्रश्न चिन्ह नहीं लगाया गया है, अपितु उनके द्वारा उक्त संदर्भ में सुझाव दिया गया था, जो उप निर्वाचन पदाधिकारी का मौलिक दायित्व है। श्रीमती कुमारी के इस कथन से स्पष्ट होता है कि अपने वरीय पदाधिकारी के द्वारा गठित समिति पर परोक्ष रूप से प्रश्न चिन्ह लगाया गया, जो उनके द्वारा वरीय पदाधिकारी के प्रति अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने का परिचायक है। इस प्रकार श्रीमती कुमारी का आचरण अपने पदीय दायित्वों के प्रतिकूल पाया गया।

इस प्रकार श्रीमती पूनम कुमारी (बिहार निर्वाचन सेवा), तत्कालीन उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरवल–सह–जहानाबाद के विरूद्ध वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने एवं पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने का आरोप स्थापित होता है।

6. अतः स्थापित आरोपों के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्रीमती कुमारी के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–14 (1) के तहत निन्दन की शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है।

7. उक्त विभागीय निर्णय के आलोक में श्रीमती पूनम कुमारी (बिहार निर्वाचन सेवा), तत्कालीन उप निर्वाचन पदाधिकारी, अरवल–सह–जहानाबाद के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–14 (1) के तहत निन्दन (वर्ष 2020) की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,

कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव।

स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

12 मार्च 2021

सं० 17/एफ 1–06/2021–320(17)––राज्य में स्वास्थ्य विभागान्तर्गत फार्मेसी के शैक्षणिक संस्थानों में सृजित एवं रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्त फार्मेसी शिक्षकों की संविदा अवधि विभागीय आदेश से विस्तारित की जाती रही है। संविदा पर कार्यरत फार्मेसी शिक्षकों की संविदा अवधि भिन्न–भिन्न तिथियों को पूरी होती है इस वजह से प्रत्येक वर्ष संविदा अवधि विस्तार करने में कठिनाईयाँ होती है। सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–12534 दिनांक 17.09.2018 के आलोक में उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं को राजकीय फार्मेसी संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के अधीन संविदा के आधार पर नियोजित फार्मेसी शिक्षकों पर निम्नवत् संसूचित किया जाता है–

(1) राजकीय फार्मेसी संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के अधीन सृजित एवं रिक्त पदों पर नियोजित फार्मेसी शिक्षकों की नियोजन अवधि के संबंध में–

(क) संविदा पर नियोजित एवं कार्यरत फार्मेसी शिक्षकों का नियोजन पूरी तरह अस्थायी है तथा उच्च स्तरीय समिति के अनुशंसा के आलोक में नियमित नियुक्ति अथवा सेवानिवृति की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिए है। फलतः संविदा के आधार पर नियोजित फार्मेसी शिक्षकों का प्रत्येक वर्ष संविदा अवधि विस्तार किए जाने की आवश्यकता नही होगी।

(ख) अस्वस्थता या अनुशासनिक आधार पर अथवा सेवा असंतोषजनक होने के कारण नियमित नियुक्ति अथवा सेवानिवृति की आयु जो पहले लागू हो, के पूर्व भी नियुक्ति प्राधिकार द्वारा सेवा समाप्त की जा सकती है।

(ग) संविदा नियोजन की अन्य शर्त्तें नियोजन के समय निर्गत नियोजन पत्र/एकरारनामा में अंकित यथावत रहेंगी।

(2) राजकीय फार्मेसी संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संविदागत नियोजित फार्मेसी शिक्षकों के अवकाश के संबंध में–

(क) आकस्मिक अवकाश–सप्ताह में 5 दिन कार्य दिवस होने की स्थिति में एक वर्ष में 12 दिन एवं सप्ताह में 6 कार्य दिवस होने की स्थिति में एक वर्ष में 16 दिन।

(ख) अर्जित अवकाश–एक वर्ष में 16 दिन (सेवा के दूसरे वर्ष से लागू) एवं 60 दिन अधिकतम संचित किया जा सकता है।

(ग) मातृत्व अवकाश–प्रसुति प्रसुविधा (संशोधन) अधिनियम, 2017 "The Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017" के आलोक में कंडिका (त) में मातृत्व अवकाश के संबंध में अनुशंसा की गयी है।

(घ) पितृत्व अवकाश–15 दिन (दो बच्चों तक)

(ड.) अवैतनिक अवकाश–30 दिन।

(3) अवकाश के संबंध में अन्य महत्वपूर्ण निर्देश–

(क) उपर्युक्त अवकाश कि स्वीकृति नियुक्ति प्राधिकार द्वारा प्रदान की जायेगी।

(ख) अवकाश उपभोग की सूचना पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति के कार्यालय तथा मानदेय भुगतान के कार्यालय को प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।

(ग) अवकाश किसी भी कर्मचारी का अधिकार नहीं है, अतः अवकाश पर जाने के पूर्व सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है। अनाधिकृत रूप से अवकाश पर जाने पर संबंधित पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। जो कर्मी बिना किसी सूचना के 15 दिन या इससे अधिक अवधि के लिए अनुपस्थित पाये जाते हैं, उनके पद को रिक्त घोषित किया जायेगा एवं संविदा के आधार पर नियोजन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी।

(4) राजकीय फार्मेसी संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संविदागत नियोजित फार्मेसी शिक्षकों के सेवा अवधि में मृत्यु होने पर अनुग्रह अनुदान–संविदा कर्मियों के सेवा अवधि के दौरान मृत्यु पर उनके निकटतम आश्रित को एक मुश्त चार लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देय होगा।

(5) राजकीय फार्मेसी संस्थान, स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संविदागत नियोजित फार्मेसी शिक्षकों को सेवा से हटाये जाने की स्थिति में अपील का प्रावधान–कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर संविदा कर्मी की सेवा समाप्त की जा सकती है, तथापि मनमाने ढंग से किसी संविदा कर्मी को न हटाया जाए, इसलिए संविदा कर्मी की सेवा समाप्ति के विरूद्ध अपील का प्रावधान होगा। अपील का स्वरूप विभाग द्वारा तय किया जायेगा।

(6) उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसाओं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प के आलोक में उपर्युक्त निर्णय केवल उन्हीं फार्मेसी शिक्षकों के संबंध में लागू होगी, जिन नियोजित कर्मियों के संबंध में पद स्वीकृत हो, नियोजित कर्मी पद की अर्हता रखता हो, पद विज्ञापित किया गया हो, नियुक्ति हेतु चयन समिति का गठन किया गया हो एवं चयन प्रक्रिया अपनायी गयी हो, नियुक्ति सक्षम प्राधिकार द्वारा की गयी हो एवं सरकार द्वारा स्थापित आरक्षण के सिद्धांत का अनुपालन किया गया हो अर्थात नियोजन की प्रक्रिया/नियोजन वैध हो।

उक्त में माननीय मंत्री, स्वास्थ्य का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
कौशल किशोर, अपर सचिव।

वाणिज्य–कर विभाग

अधिसूचनाएं

2 जुलाई 2021

संo 6 / गो–34–01 / 2021(खण्ड–1)–1126––वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर अपर आयुक्त कोटि के निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–6 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्रo सं0	पदाधिकारी का नाम / पदनाम	गृह जिला	वर्त्तमान पदस्थापन स्थान	बैच	प्रस्ताव
1	2	3	4	5	6
1	श्री बिनोद पाठक, राज्य कर अपर आयुक्त	भोजपुर	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना	34	राज्य कर अपर आयुक्त, प्रशासन, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
2	श्री जीवन अग्रवाल, राज्य कर अपर आयुक्त	दरभंगा	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, केन्द्रीय प्रमंडल, पटना	35	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना का अतिरिक्त प्रभार
3	श्री सुजय प्रकाश उपाध्याय, राज्य कर अपर आयुक्त	पटना	राज्य कर अपर आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना	36	राज्य कर अपर आयुक्त, प्रशासन, केन्द्रीय प्रमंडल, पटना
4	श्री शशि रंजन कुमार, राज्य कर अपर आयुक्त	सीतामढ़ी	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना	36	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर। राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, सारण प्रमंडल, छपरा का अतिरिक्त प्रभार
5	श्री सजन कुमार रूँगटा, राज्य कर अपर आयुक्त	पूर्णिया	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), पटना पूर्वी प्रमंडल, पटना	36	राज्य कर अपर आयुक्त (अंकेक्षण), पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना का अतिरिक्त प्रभार
6	श्री विश्वनाथ महतो, राज्य कर अपर आयुक्त	समस्तीपुर	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, पटना पूर्वी प्रमंडल, पटना	36	राज्य कर अपर आयुक्त, प्रशासन, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा
7	श्री शंभु कुमार सिंह, राज्य कर अपर आयुक्त	सीतामढ़ी	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया	36	राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा तथा राज्य कर अपर आयुक्त, अपील, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर का अतिरिक्त प्रभार
8	श्री ब्रज किशोर सिंह, राज्य कर अपर आयुक्त	जहानाबाद	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर	36	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), सारण प्रमंडल, छपरा का अतिरिक्त प्रभार
9	श्री अमिताभ मिश्रा, राज्य कर अपर आयुक्त	मुंगेर	राज्य कर अपर आयुक्त, (वसूली कोषांग), पटना केन्द्रीय प्रमंडल	36	राज्य कर अपर आयुक्त, (प्रशासन), पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना
10	श्री विश्वनाथ पासवान, राज्य कर अपर आयुक्त	मुजफ्फरपुर	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), पुर्णिया प्रमंडल, पुर्णिया	36	राज्य कर अपर आयुक्त, (अंकेक्षण), भागलपुर प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरूण कुमार मिश्रा, विशेष सचिव।

30 जून 2021

सं0 6/गो–34–01/2021–1085––वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर संयुक्त आयुक्त कोटि के निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–6 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेष तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0 सं0	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	गृह जिला	वर्त्तमान पदस्थापन स्थान	बैच	पदस्थापित कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6
1	श्री विश्वकान्त तिवारी, राज्य–कर संयुक्त आयुक्त	कैमुर	अन्वेषण ब्यूरो, पूर्णियॉ प्रमंडल 08.08.2020 से	36 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना
2	श्री उमानंद चौधरी, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	दरभंगा	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, कटिहार अंचल, कटिहार	36 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर
3	श्री ध्रुव कुंमार मिश्र, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	दरभंगा	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, भभुआ अंचल, कैमूर	36 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल, मुजफ्फरपुर
4	श्री इन्द्र नारायण झा राज्य कर संयुक्त आयुक्त	सहरसा	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अंकेक्षण पूर्णिया प्रमंडल	36 वीं	वित्त विभाग को सेवा सुपुर्द
5	श्री विश्वनाथ गुप्ता, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	मुजफ्फरपुर	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, (अंकेक्षण), पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना	36 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना
6	श्री सच्चिदानंद शर्मा, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	मुंगेर	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर	37 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, कटिहार अंचल, कटिहार
7	श्री मोती लाल, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	गोपालगंज	बिहार भवन, नई दिल्ली	37 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना
8	श्री प्रमोद कुमार, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	पटना	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, सारण प्रमंडल, छपरा	37 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, भभुआ अंचल, कैमूर
9	श्री अशोक कमार यादव, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	कटिहार	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, मधुबनी अंचल, मधुबनी	38 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया
10	श्री अब्दूल्लाह अंसारी, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	सीवान	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर	38 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, सीतामढ़ी अंचल, सीतामढ़ी
11	मो० शाहीक, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	नालंदा	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना	विशेष	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, जहानाबाद अंचल, जहानाबाद
12	श्री कैसर तौहिद, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	वैशाली	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, (अंकेक्षण) दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा	विशेष	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया
13	श्री मकेश्वर शर्मा, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	लखीसराय	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया	विशेष	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, मधुबनी अंचल, मधुबनी
14	श्री नंद किशोर राज, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	गोपालगंज	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना	41 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना

15	श्रीमती कंचन बाला राज्य कर संयुक्त आयुक्त	पटना	मुख्यालय बिहार, पटना	42 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), पटना पश्चिमी प्रमंडल, पटना
16	श्री कार्तिक कुमार सिंह, राज्य कर संयुक्त आयुक्त	पटना	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल, मुजफ्फरपुर	42 वीं	राज्य कर संयुक्त आयुक्त, प्रभारी, पाटलिपुत्र अंचल, पटना

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरूण कुमार मिश्रा, विशेष सचिव।

———————

30 जून 2021

सं0 6/गो–34–01/2021–1086––वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर उपायुक्त कोटि के निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–6 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0 सं0	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	गृह जिला	वर्त्तमान पदस्थापन स्थान	बैच	पदस्थापित कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6
1	श्री अनुप कुमार, राज्य कर उपायुक्त	नालंदा	राज्य कर उपायुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना	42 वीं	राज्य कर उपायुक्त, पटना उत्तरी अंचल, पटना
2	श्री अभीक अवतंश, राज्य कर उपायुक्त	पटना	राज्य कर उपायुक्त, प्रभारी, जहानाबाद अंचल	42 वीं	राज्य कर उपायुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना
3	श्री अनिल कुमार सिंह विद्यार्थी, राज्य कर उपायुक्त	रोहतास	राज्य कर उपायुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना	42 वीं	राज्य कर उपायुक्त, दानापुर अंचल, दानापुर
4	श्री सुनील कुमार जायसवाल, राज्य कर उपायुक्त	पटना	राज्य कर उपायुक्त, समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर	द्वितीय सीमित	राज्य कर उपायुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, सारण प्रमंडल, छपरा।
5	श्री गोपाल प्रसाद राज्य–कर उपायुक्त	नवादा	बेगुसराय अंचल	द्वितीय सीमित	राज्य कर उपायुक्त मुख्यालय, बिहार, पटना
6	श्री रश्मि कुमार सिंह, राज्य–कर उपायुक्त	छपरा	दरभंगा अंचल	द्वितीय सीमित	वित्त विभाग को सेवा सुपुर्द
7	श्री अशर्फी लाल विद्यार्थी, राज्य–कर उपायुक्त	पटना	अंकेक्षण, सारण प्रमंडल, छपरा	द्वितीय सीमित	राज्य कर उपायुक्त अन्वेषण ब्यूरो, पटना पूर्वी प्रमंडल, पटना
8	श्री दिनेश प्रसाद सिंह, राज्य–कर उपायुक्त	पुर्णिया	फारविसगंज अंचल	द्वितीय सीमित	राज्य कर उपायुक्त पूर्णिया प्रमंडल, अन्वेषण ब्यूरो
9	श्री मनोज कुमार साह, राज्य कर उपायुक्त	पटना	राज्य कर उपायुक्त, गया अंचल, गया	48–52 वीं	राज्य कर उपायुक्त, पटना विशेष अंचल, पटना
10	श्री राजीव कुमार झा, राज्य कर उपायुक्त	पटना	राज्य कर उपायुक्त, पूर्णिया अंचल, पूर्णिया	48–52 वीं	राज्य कर उपायुक्त, पाटलिपुत्र अंचल, पटना
11	कुमार शैलेन्द्र, राज्य कर उपायुक्त	पटना	राज्य कर उपायुक्त, मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल, मुजफ्फरपुर	48–52 वीं	राज्य कर उपायुक्त, पटना विशेष अंचल, पटना

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरूण कुमार मिश्रा, विशेष सचिव।

30 जून 2021

सं0 6/गो–34–01/2021–1087––वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर सहायक आयुक्त कोटि के निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–6 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0 सं0	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	गृह जिला	वर्त्तमान पदस्थापन स्थान	बैच	पदस्थापित कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6
1	ललीत कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त	पटना	बिहारशरिफ अंचल	38 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, मगध प्रमंडल, अन्वेषण ब्यूरो, गया
2	श्री मुस्तर अकरम, राज्य कर सहायक आयुक्त	हजारीबाग	राज्य कर सहायक आयुक्त, (अंकेक्षण), केन्द्रीय प्रमंडल, पटना	48–52 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, मगध प्रमंडल, गया
3	श्री अभिनव कुमार झा, राज्य कर सहायक आयुक्त	मधुबनी	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय, पटना	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय, पटना में पदस्थापित करते हुए पाटलिपुत्रा अंचल में प्रतिनियुक्त।
4	हेमलता कुमारी, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	जहानाबाद अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना पश्चिमी प्रमंडल, अन्वेषण ब्यूरो
5	श्री योगेन्द्र शर्मा, राज्य–कर सहायक आयुक्त	जहानाबाद	भभुआ अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, जमुई अंचल
6	श्री संतोष कुमार, राज्य–कर सहायक आयुक्त	मुजफ्फरपुर	कटिहार अंचल	53–55 वीं	वित्त विभाग को सेवा सुपुर्द
7	श्री अनिल कुमार साह, राज्य–कर सहायक आयुक्त	सीवान	सारण अंचल, छपरा	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना
8	श्री कुशेश्वर राउत, राज्य–कर सहायक आयुक्त	मधुबनी	सासाराम अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, दरभंगा अंचल
9	श्री अरूण कुमार चौधरी, राज्य–कर सहायक आयुक्त	मुंगेर	मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो भागलपुर प्रमंडल
10	श्री विवेक कुमार, राज्य–कर सहायक आयुक्त	सारण	भागलपुर अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय, बिहार, पटना
11	श्री कुमारी रश्मि राज्य–कर सहायक आयुक्त	पश्चिमी चंपारण	अंकेक्षण, भागलपुर	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना दक्षिणी अंचल
12	श्री गंगा प्रसाद राज्य कर सहायक आयुक्त, सीवान अंचल	समस्तीपुर	सीवान अंचल	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना (मुख्यालय, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्ति हेतु)
13	श्री रविन्द्र कुमार राज्य कर सहायक आयुक्त	पटना	वित्त एवं लेखा पदाधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी में प्रतिनियुक्त)	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल पटना
14	श्री प्रशांत कुमार झा,राज्य कर सहायक आयुक्त	सहरसा	केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पटना	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल पटना में प्रतिनियुक्त

15	अमित अंकित, राज्य कर सहायक आयुक्त	बेगुसराय	वाणिज्य कर विभाग मुख्यालय	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल पटना में प्रतिनियुक्त
16	श्री मुकेश कुमार चौधरी, राज्य कर सहायक आयुक्त	सीतामढ़ी	राज्य कर सहायक आयुक्त पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, गया अंचल, गया
17	श्री संतोष कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त	रोहतास	राज्य कर सहायक आयुक्त गया अंचल, गया	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना
18	निवेदिता, राज्य कर सहायक आयुक्त	पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय, बिहार, पटना	53–55 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल पटना
19	श्री प्रेमचन्द्र भारती, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	गया अंचल	तृतीय सीमित	राज्य कर सहायक आयुक्त (अंकेक्षण), पटना पश्चिमी प्रमंडल
20	श्री बलराम प्रसाद, राज्य–कर सहायक आयुक्त	सारण	सुपौल अंचल	तृतीय सीमित	राज्य कर सहायक आयुक्त गोपालगंज अंचल
21	श्री राजन कुमार श्रीवास्तव, राज्य कर सहायक आयुक्त	पूर्वी चम्पारण	राज्य कर सहायक आयुक्त सासाराम अंचल, सासाराम	तृतीय सीमित	राज्य कर सहायक आयुक्त, बेतिया अंचल, बेतिया
22	श्री नागेन्द्र प्रसाद, राज्य–कर सहायक आयुक्त,	मधुबनी	मधेपुरा अंचल	56–59 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, दरभंगा अंचल
23	श्री विक्रम कुमार, राज्य–कर सहायक आयुक्त	गया	सुपौल अंचल	56–59 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, बिहार, पटना (मुख्यालय)
24	कुणाल कश्यप, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल	56–59 वीं	बिहार भवन कोषागार, दिल्ली में प्रतिनियुक्ति हेतु वित्त विभाग को सेवा सुपुर्द
25	श्री शशि शेखर सिन्हा राज्य कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय	शेखपुरा	मुख्यालय, बिहार, पटना (पदस्थापन की प्रतिक्षा में)	56–59 वीं	वित्त विभाग को सेवा सुपुर्द
26	श्री अमरेश कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त	पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त गोपालगंज अंचल, गोपालगंज	56–59 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, पटना में प्रतिनियुक्ति हेतु)
27	श्री अमित कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त	खगड़िया	राज्य कर सहायक आयुक्त, कदमकुँआ अंचल, पटना	56–59 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना
28	सुस्मिता कुमारी, राज्य–कर सहायक आयुक्त	अररिया	मधेपुरा अंचल	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त (अंकेक्षण), दरभंगा प्रमंडल
29	असीम कुमार, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	दरभंगा अंचल	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल
30	दीपा ज्योति, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना
31	गरिमा चौधरी, राज्य–कर सहायक आयुक्त	पटना	बिहारशरीफ अंचल	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, मुख्यालय, बिहार, पटना
32	वन्दना भारती, राज्य–कर सहायक आयुक्त	खगड़िया	बेगुसराय अंचल	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना दक्षिणी अंचल
33	श्री मयंक मृणाल, राज्य कर सहायक आयुक्त	पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त नवादा अंचल, नवादा	60–62 वीं	राज्य कर सहायक आयुक्त, भभुआ अंचल, कैमूर

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरूण कुमार मिश्रा, विशेष सचिव।

———————

30 जून 2021

सं0 6/गो–34–01/2021–1088––वाणिज्य कर विभाग में बिहार वित्त सेवा के 63वीं0 बैच के नवनियुक्त परीक्ष्यमान राज्य–कर सहायक आयुक्त कोटि के निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–6 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम	संयुक्त मेधा क्रमांक/बैच		गृह जिला	प्रशिक्षण हेतु प्रतिनियुक्ति कार्यालय का नाम	पदस्थापित कार्यालय का नाम
1	2	3	4	5	6	7
1	पीयूष कुमार चौबे	21	63वीं	कैमुर (भभुआ)	पटना विशेष अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल, पटना
2	सुधीर कुमार पाण्डेय	22	63वीं	देवरिया (उत्तर प्रदेश)	पाटलीपुत्रा अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पाटलिपुत्र अंचल
3	आशीष सौरभ आशुतोष	23	63वीं	पटना	मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल
4	जयन्ती कुमारी	26	63वीं	रोहतास	पटना विशेष अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना विशेष अंचल, पटना
5	मनीषा सिंह	30	63वीं	पटना	पाटलीपुत्रा अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पाटलिपुत्र अंचल, पटना
6	चन्दन कुमार	31	63वीं	अररिया	पटना दक्षिणी अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त पटना दक्षिणी अंचल, पटना
7	कुमार तुषारेन्द्र	32	63वीं	पटना	मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल
8	शामीन फिरदौस	41	63वीं	पश्चिम चम्पारण	पटना दक्षिणी अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना दक्षिणी अंचल, पटना
9	आकाश आनन्द	43	63वीं	पटना	मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना पश्चिमी प्रमंडल, अन्वेषण ब्यूरो
10	विवेक मिश्र	44	63वीं	गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	पटना मध्य अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त पटना मध्य अंचल, पटना
11	कुमार शशांक	45	63वीं	पूर्णिया	पटना मध्य अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना मध्य अंचल, पटना
12	अनिकेत अमर	46	63वीं	पटना	दरभंगा अंचल, दरभंगा	राज्य कर सहायक आयुक्त, दरभंगा अंचल, दरभंगा
13	ऋचा कुमारी	47	63वीं	पटना	हाजीपुर, अंचल, वैशाली	राज्य कर सहायक आयुक्त, हाजीपुर अंचल, वैशाली

14	शिल्पी कुमारी	48	63वीं	पटना	हाजीपुर, अंचल, वैशाली	राज्य कर सहायक आयुक्त, दानापुर अंचल
15	गौतम कुमार गोस्वामी	53	63वीं	दरभंगा	पटना पश्चिमी अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना पश्चिमी अंचल, पटना
16	रश्मि कुमारी	55	63वीं	नालंदा	पटना दक्षिणी अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना दक्षिणी अंचल, पटना
17	संदीप कुमार	57	63वीं	रोहतास	गया अंचल, गया	राज्य कर सहायक आयुक्त, गया अंचल, गया
18	कमलशील	58	63वीं	नालंदा	सासाराम अंचल, रोहतास	राज्य कर सहायक आयुक्त, सासाराम अंचल, रोहतास
19	दीपिका कुमारी	59	63वीं	नवादा	पटन पश्चिमी अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त भागलपुर अंचल, भागलपुर
20	प्रिय रंजन	62	63वीं	पटना	मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल	राज्य कर सहायक आयुक्त, मुजफ्फरपुर पश्चिमीअंचल
21	प्रेमांशु	63	63वीं	बेगूसराय	पूर्णिया अंचल, पूर्णिया	राज्य कर सहायक आयुक्त, समस्तीपुर अंचल
22	दिव्य प्रकाश	68	63वीं	मुजफ्फरपुर	पटना विशेष अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पटना पूर्वी प्रमंडल
23	स्नेहा वर्मा	69	63वीं	प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)	पटना विशेष अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पटना मध्य अंचल, पटना
24	राहूल सिंह	70	63वीं	सारण	पाटलीपुत्रा अंचल, पटना	राज्य कर सहायक आयुक्त, पाटलिपुत्र अंचल
25	आशीष कुमार	71	63वीं	लखीसराय	भागलपुर अंचल, भागलपुर	राज्य कर सहायक आयुक्त, भागलपुर अंचल
26	सोनल कुमार	72	63वीं	नवादा	बिहार शरीफ अंचल, बिहार शरीफ	राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, केन्द्रीय प्रमंडल
